पुरुष नसबंदी
सामुदायिक कार्यकर्त्ता के द्वारा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्र.1. *पुरुष नसबंदी कब प्रभावी होती है?*

शल्यचिकित्सा के 3 महीने बाद ही नसबंदी गर्भनिरोध के तौर पर प्रभावी मानी जाती है। इसकी वजह यह है कि जब नलिका काट कर बांध दी जाती है, तो नए शुक्राणु तो वहां नहीं आ सकते, पर ट्यूब में पहले से शुक्राणु हो सकते है।, पुरुष की नलिका से पुराने शुक्राणु समाप्त होने में तीन महीने तक का समय लग सकता है। इसके विपरीत महिला की नसबंदी फौरन ही गर्भ रोकने में प्रभावी हो जाती है।

नलिका कैसे भी बंद की गई हो, नसबंदी हो जाने के बाद इसे प्रभावी होने में कई महीने लगते हैं। क्योंकि शुक्राणु वीर्य में पूरी तरह निकल जाएं, इसमें समय लगता है। इसलिए दंपति को सलाह दी जाए कि नसबंदी के तीन महीने बाद तक वे गर्भनिरोध का कोई और तरीका भी अपनाते रहें। हालांकि दिशानिर्देश कहते हैं कि 12 सप्ताह या 20 वीर्य स्खलन तक इंतजार किया जाए, मगर हाल ही में हुए शोध बताते हैं कि तीन महीने की प्रतीक्षा ज्यादा विश्वसनीय है।

- अगर उपलब्ध हो, तो वीर्य की जांच से नसबंदी की सफलता का पता चल सकता है। जहां पुरुष तीन महीने के बाद अपने वीर्य में शुक्राणु की जांच नहीं करवा पाए, वहां अपने साथी की नसबंदी के एक साल के भीतर 100 में से 2 या 3 महिलाएं गर्भवती हुई हैं।
- जहां पुरुषों ने नसबंदी के बाद अपने वीर्य की जांच करवाई है, वहां अपने साथी की नसबंदी के एक साल के भीतर 100 में एक महिला गर्भवती हुई है।
- गर्भ की स्थिति में (जहां पुरुष ने नसबंदी कराई है) स्वास्थ्य कार्यकर्ता को मान कर चलना चाहिए की यह गर्भ नसबंदी असफल होने के कारण ठहरा है न कि विवाहेतर संबंध के कारण। ऐसे में पुरुष को यह समझाना जरूरी है कि नसबंदी असफल भी हो सकती है। हालांकि ऐसा कम होता है, पर यह संभव है।

प्र.2. *अगर किसी कारणवश पुरुष प्रजननशीलता वापस पाना चाहता है तो क्या यह सम्भव है?*

इस गर्भनिरोधक तरीके को आमतौर पर पलटा नहीं जा सकता, इसलिए इसे उन लोगों को नहीं करवाना चाहिए, जो भविष्य में और बच्चे चाहते हैं।

प्र.3. *नसबंदी के कितने दिन बाद डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी से मिलना चाहिए ?*

- पुरुष तीन महीने के बाद जांच करा कर निश्चित करें कि वीर्य में शुक्राणु नहीं है और अब गर्भ ठहरने की आशंका नहीं रहेगी।

डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी से तुरंत मिलें अगर :

- आपरे"ान वाली जगह में तेज़ दर्द हो, बुखार हो।
- घाव में कोई मवाद या रक्तस्राव हो, उसमें जलन हो, सूजन या लाली हो।

प्र.4. *पुरुष नसबंदी सर्दी के समय ही करानी सही रहती है?*

पुरुष नसबंदी किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

प्र.5. *पुरुष नसबंदी कराने के बाद पुरुश पहले की तरह सम्बन्ध नहीं बना सकता?*

पुरुष नसबंदी ताकत, स्वास्थ्य या स्खलन प्रक्रिया, यौन संबंध बनाने व यौन सुख को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती। नसबंदी के बाद कुछ पुरुषों को अंडकोष में दर्द हो सकता है। कुछ अन्य पुरुषों को यौन संबंध बनाने में ज्यादा आनंद आता है, क्योंकि अब किसी गर्भनिरोधक के इस्तेमाल की जरूरत नहीं रहती, न अपनी पत्नी के गर्भवती होने का डर रहता है।

प्र.6. *पुरुष नसबंदी के बाद पुरुश कोई भी भारी काम नहीं कर सकता है?*

नसबंदी के बाद पुरुष दो दिन बाद सामान्य कार्य शुरु कर सकता है और सात दिन बाद भारी काम भी जैसे कि साईकिल चलाना। पुरुष जब भी शारीरिक रुप से स्वस्थ्य महसूस करे यौन संपर्क कर सकता हैं।

प्र.7. *पुरुष नसबंदी कहां से करानी चाहिए ?*

पुरुष नसबंदी मेडिकल कॉलेज या जिला अस्पताल में की जाती है। कुछ प्राइवेट अस्पतालों में भी यह सुविधा उपलब्ध है।

प्र.8. *पुरुष नसबंदी कराने की सरकार की कोई नियम व नीति है?*

पुरुष नसबंदी मेडिकल कॉलेज या जिला अस्पताल में मुफ्त की जाती है। नसबंदी के लिए सरकार की अपनी प्रोत्साहन नीति है